an>

Title: Regarding increase of the MSP for Paddy Crops.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार और मंत्री महोदय का ध्यान महाराÂट्र के विदर्भ विभाग के गढ़चिरोली, चंद्रपुर, भंडारा, गोंदिया और नागपुर जो कि धान की फसल बोते हैं, उनकी तरफ आकर्Âिात करना चाहता हूं। वÂाऩ 2014-2015 में देरी से कम और समय पर न आने वाली बारिश से 50-60 परसेंट किसानों की फसल को बहुत नुकसान हुआ है। पहले ही हर वÂाऩ अकाल से नुकसान होता रहा है और इस वÂाऩ भी होने वाले नुकसान से किसान परेशान हैं। महोदय, इस स्थिति में किसानों की धान फसल को बाजार में उत्पादन खर्च के मुताबिक भाव न मिलने से माल गोदाम में पड़ा हुआ है या किसानों के घर में पड़ा हुआ है। इस स्थिति का जायजा लेने पर मालूम हुआ कि भारत, पाकिस्तान और थाईलैंड आदि देश धान का निर्यात करते हैं। इन देशों की स्पर्धा में छोटे-छोटे देश भी सामने आ रहे हैं और कम दाम में धान का निर्यात कर रहे हैं। मेरा आपसे अनुरोध है कि यदि किसानों को न्याय दिलाना है तो उत्पादन खर्चों के मुताबिक धान का भाव घोÂिात करके उन्हें न्याय दिया जाए।